बरेली, शनिवार
28 अक्टूबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 26

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 06, TOP LEFT

नाटक में कलाकारों की 'पड़ोसन' को श्रद्धांजलि

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (27 Oct): तीसरे थिएटर फेस्टिवल 'इंद्रधनुष में शुक्रवार को श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा के सभागार में 5 एलिमेंट्स थिएटर दिल्ली की ओर से नाटक 'पड़ोसन-एक श्रद्धांजलि' का मंचन हुआ. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुदेशिया साईं मंदिर की संरक्षक नीता कुदेशिया रहीं. श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. एलएस मौर्या, डॉ. अनुज कुमार के साथ उन्होंने दीप प्रज्वलन कर मंचन का शुभारंभ किया.

यह है नाटक की कहानी

'पड़ोसन-एक श्रद्धांजलि' नाटक महमूद, किशोर कुमार, सुनील दत्त, ओम प्रकाश, मुकरी, कैस्टो मुखर्जी, राज किशोर जैसे उन कलाकारों को श्रद्धांजलि है, जो 60 के दशक में रिलीज हुई फिल्म पड़ोसन का हिस्सा थे और आज भी दर्शकों के अंतर्मन में जीवित हैं. यह सीधे सादे युवक भोला की कहानी है, जो अपने मामा के साथ रहता है. जब उसे पता लगता है कि मामा दूसरा विवाह करना चाहते हैं तो वह उनका घर छोड़ मामी के घर चला जाता है. यहां उसका झगड़ा पड़ोस में रहने वाली युवती बिंदु से होता है. बिंदु संगीत मास्टर पिल्लई को पसंद करती है, जो उसे नृत्य और संगीत सिखाने आता है. बेसुरा भोला गुरु विद्यापति से संगीत सीखने का असफल प्रयास करता है, लेकिन अपने मित्र विद्यापति की नाटक मंडली के दोस्तों की मदद से बिंदु का दिल जीतने में कामयाब हो जाता है. विद्यापति और मास्टर पिल्लई के अनुरोध पर बिंदु भोला के प्रति अपने प्रेम को स्वीकार करती है और भोला फिर से जीवित होने का अभिनय करता है. इस मौके पर रजनी अग्रवाल, डॉ. रीता शर्मा, आशीष अग्रवाल, शैली सक्सेना आदि उपस्थित रहे.